17.09.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर आज से सेवा पर्व का शुभारंभ–प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन।

○ राज्य में आज से शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों का आगाज़–मुख्यमंत्री ने कहा– इनके माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचेगी।

○ प्रधानमंत्री ने आज राष्ट्रव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह शिविर की शुरूआत की।

○ केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा – जीएसटी सुधारों से जनता के लगभग दो लाख करोड़ रुपये की बचत होगी।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर आज से सेवा पर्व की शुरूआत हुई। इसके तहत राज्यभर में कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर के मालवीय नगर से शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच देश के करोड़ों लोगों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली लाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 11 सालों में देश हित में ऐतिहासिक काम हुए हैं। आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री मोदी की इसी जन सेवा की भावना से प्रेरित होकर राज्य सरकार ने शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया है। इनके माध्यम से अंतिम पायदान के व्यक्ति तक राहत पहुंचेगी।

000

मुख्यमंत्री ने शहरी शिविर 2025 की मार्गदर्शिका का विमोचन किया और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चैक तथा अन्य लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए। श्री शर्मा ने आज ही बस्सी से ग्रामीण सेवा शिविरों की शुरूआत की। इन शिविरों के जरिये विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन और स्वीकृति के काम होगें। इस दौरान कई तरह की सेवाएं और सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जायेंगी।

000

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर आज मुख्यमंत्री ने जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 'नमो प्रदर्शनी' का भी उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के नवाचारों और योजनाओं जैसे मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत पर आधारित स्टॉल्स लगाए गए हैं। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण जैसे ऐतिहासिक निर्णय भी प्रदर्शनी का हिस्सा बने हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद पूर्व सैनिकों, युवा उद्यमियों और कार्यकर्ताओं से संवाद किया। कार्यक्रम में मोदी स्टोरी श्रृंखला के तहत विभिन्न जनप्रतिनिधियों के प्रधानमंत्री के साथ प्रेरणादायी अनुभवों पर आधारित शॉर्ट फिल्म का प्रसारण किया गया।

000

आज से ही सेवा पखवाड़े की शुरुआत हुई। इस अवसर पर जयपुर के विद्याधर नगर में रक्तदान और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्वयं रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि सेवा भाव से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और आमजन से आह्वान किया कि मेडिकल कैम्प, सफाई अभियान और जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करें। उपमुख्यमंत्री ने सभी से रक्तदान करने और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

000

इधर जयपुर के ही सीतापुरा में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की ओर से मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया।
इस दौरान उन्होंने रक्तदान कर रहे सभी लोगों से मुलाकात की तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने रक्तदान महादान का संदेश भी दिया। इस दौरान सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

000

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों की श्रृंखला में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बीकानेर में साइकिल रैली और ट्यूर डे थार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बीकानेर के सैकड़ों साइक्लिस्टों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और जन–जागरूकता को एक साथ जोड़ते हुए समाज में सकारात्मक संदेश देने का माध्यम है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा में प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता अभियान में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पखवाड़े में देशभर के करोड़ों नागरिक सेवाभाव से जुड़ रहे हैं, जो प्रधानमंत्री के जीवन से मिली प्रेरणा का प्रतीक है। लोकसभा अध्यक्ष ने शक्तिनगर स्थित वार्ड में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कोटा शहर के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की । वे थेकड़ा में नमो स्वास्थ्य जांच और सुपोषण शिविर में भी शामिल हुए। श्री बिरला ने रामगंजमण्डी में सुपोषित माँ अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया।
कार्यकम में गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किये गये। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी के जीवन को समर्पण का जीवन बताया और कहा कि श्री मोदी ने अपना जीवन लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया है।

000

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म "चलो जीते हैं" आज से 2 अक्टूबर तक देश भर के विभिन्न स्कूलों और लगभग 500 सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी। इस अवसर पर 'चलो जीते हैं: सेवा का सम्मान' पहल के अन्तर्गत, स्कूलों और समाज के 'मूक नायकों', जैसे चौकीदार, सफाई कर्मचारी, ड्राइवर और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को सम्मानित किया जाएगा। ये समारोह फिल्म देखने के बाद आयोजित किए जाएंगे।

000

सेवा पखवाड़े के उपलक्ष में क्षेत्रीय समाचार एकांश, जयपुर की ओर से आज रात 8 बजे एक विशेष परिचर्चा प्रसारित की जाएगी। श्रोता ये परिचर्चा 101.2 एफएम पर सुन सकते हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के धार से राष्ट्रव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह शिविर का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने जिले के भैंसला गाँव में देश के सबसे बड़े पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। श्री मोदी ने मातृ वंदना योजना के तहत 15 लाख से अधिक महिलाओं को वित्तीय सहायता भी हस्तांतरित की। प्रधानमंत्री ने महिलाओं से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में अपनी जाँच कराने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन त्यौहारों के दौरान खरीदी जाने वाली हर चीज भारत में निर्मित होनी चाहिए। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे यह सुनिश्चित करें कि जो भी बेचें वह भारतीय मूल का हो।

000

प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजभवन से ऑनलाइन भाग लिया। श्री बागड़े ने कहा कि यह अभियान देशभर में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवा और पोषण सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

000

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा है कि वस्तु और सेवा कर के नए सुधारों से कर की दरों में कमी के बाद जनता के लगभग दो लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। वे आज विशाखापत्तनम में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर आयोजित आउटरीच कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। वित्त मंत्री ने बताया कि 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की नई दो–स्तरीय कर प्रणालियां लोगों की दैनिक आवश्यकताओं और जरूरी वस्तुओं पर बोझ कम करती है। उन्होंने कहा कि इससे गरीब और मध्यम वर्ग काफी हद तक लाभान्वित होते हैं। उधर जीएसटी सुधारों के बारे में जागरूकता लाने के लिए केन्द्रीय संचार ब्यूरो कोटा की ओर से बूंदी के बोरखंडी गांव में संगोष्ठी प्रतियोगिता और अन्य आयोजन हुए।

000

सलूम्बर जिले के किसानों के लिए उद्यानिकी फसलों में सीताफल की खेती आमदनी बढ़ाने का बेहतर विकल्प बन रही है। पानी की कम जरूरत के चलते सीताफल पहाड़ी और कम उपजाऊ क्षेत्रों में भी आसानी से लगाया जा सकता है। कोटड़ा, फलासिया और चित्तौड़ क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में सीताफल की उपज अच्छी हो रही है, जिसका लाभ उदयपुर मंडी तक मिल रहा है। उद्यान विभाग के उप निदेशक पुरुषोतम लाल भट्ट ने बताया कि सीताफल का पौधा एक बार लगाकर बारिश के पानी से आसानी से पनप जाता है। किसान यदि दो बीघा क्षेत्र में भी खेती करें तो विभागीय अनुदान का लाभ ले सकते हैं।

000

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने आज बाड़मेर में सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने सबसे पहले गडरा रोड थाने का निरीक्षण किया। इसके बाद वे भारत–पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मुनाबाव चौकी पहुंचे। डीजीपी ने सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों से मुलाकात कर अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा गतिविधियों की जानकारी ली और जवानों से संवाद किया। श्री शर्मा ने बीएसएफ के अनुशासन और साहसिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैन्य जवानों द्वारा किए गए पराक्रम की भी प्रशंसा की और कहा कि राजस्थान पुलिस हमेशा बीएसएफ के सहयोग के लिए तत्पर है।

000